Title: Need to improve the functioning of Central Coalfields Ltd. and Bharat Coaking Coal Ltd.-Laid

श्री रवीन्द्र कुमार पाण्डेय (गिरिडीह) : महोदय, सेन्ट्रल कोल फील्डस लिमिटेड एवं भारत कोकिंग कोल लिमिटेड में लगातार घाटा बढ़ता जा रहा है। जानकारी के अनुसार बी.सी.सी.एल. को प्रत्येक दिन करीब एक करोड़ का घाटा हो रहा है। इसके कई कारण हैं- कंपनियों में कार्यरत कर्मचारियों को पर्याप्त आवासीय सुविधा उपलब्ध न कराना, अवकाश ग्रहण के पूर्व बकाया राशि का भुगतान न करना, अनुकम्पा के आधार पर होने वाली नियुक्तियों में अनियमितताएं। इन सारी स्थितियों से कर्मचारियों की कार्यकुशलता में ह्रास हुई है। इसी प्रकार संवेदनशील पदों पर कार्यरत कर्मचारियों को निर्धारित अवधि से अधिक दिनों तक एक ही स्थान पर तैनात रहने के कारण गलत कार्यों को बढ़ावा मिल रहा है। विस्थापितों के मामले में प्रबंधन को न्यायालय में जाना पड़ता है जिसके कारण सरकार का लाखों रुपया बर्बाद होता है। प्रबंधन की कार्यशैली में सुधार लाने के लिए सारे सुझाव बेकार साबित होते हैं। समस्त सी.आई.एल. में फिजूल खर्ची बढ़ रही है।

अतः सरकार से आग्रह है कि सी.सी.एल. एवं बी.सी.सी.एल. प्रबंधन में सुधार लाने के लिए संसदीय एवं विशेषज्ञ कमेटी का गठन किया जाए और तत्काल प्रभाव से कंपनी के कर्मचारियों को पर्याप्त आवासीय सुविधा उपलब्ध कराई जाए एवं संवेदनशील पदों पर नियम के विरुद्ध अधिक समय तक कार्यरत कर्मचारियों का स्थानान्तरण तत्काल प्रभाव से समुचित कराने की व्यवस्था की जाए।